# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांक : 67/10 /एके0/MSU/2024–25 दिनांक : 28.10.2024

सेवा में,

01. प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

02. शैक्षणिक समन्वयक
विश्वविद्यालय परिसर

विषयः प्रयागराज महाकुम्भ–2024 के अन्तर्गत मण्डल स्तरीय आयोजन कुम्भ समिति के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक निदेशक, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, संस्कृति विभाग, उ0प्र0 के संलग्न पत्र संख्या– 544/कुम्भ/2024–25, दिनांक : 08.10.2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रयागराज महाकुम्भ–2024 से पूर्व प्रदेश के समस्त मण्डलों में कुम्भ के महत्व से परिचित कराने एवं जनमानस को सांस्कृतिक आध्यात्मिक पुण्य लाभ हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त मण्डलों में कुम्भ समिट का आयोजन से सम्बन्धित दिशा–निर्देश जारी किये गये है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि संलग्न पत्र में उल्लिखित प्रयागराज महाकुम्भ–2024 से पूर्व कुम्भ के महत्व से परिचित कराने एवं जनमानस को सांस्कृतिक आध्यात्मिक पुण्य लाभ हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय/विश्वविद्यालय परिसर में कुम्भ समिट का आयोजन से सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. प्रमुख सचिव, संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन।
02. जिलाधिकारी, सहारनपुर।
03. निदेशक, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, संस्कृति विभाग, उ0प्र0।
04. राष्ट्रीय सेवा योजना, समन्वयक को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
05. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

उपकुलसचिव

**उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी**
**(संस्कृति विभाग, उ.प्र.)**

**U.P. SANGEET NATAK AKADEMI**
**(Department of Culture, U.P.)**

सेवा में,

पत्रांक:544/कुम्भ/2024-25/

लखनऊ:दिनांक 08/10/024

1. कुलसचिव, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
2. कुलसचिव, मंगलायतन विश्वविद्यालय, अलीगढ़
3. माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

**विषय : प्रयागराज महाकुम्भ-2024 के अन्तर्गत मण्डल स्तरीय आयोजन कुम्भ समिट के सम्बन्ध में।**

DR
28-10-24

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक संस्कृति अनुभाग, उ0प्र0शासन के आदेश संख्या-3036/चार-2024-1856015 दिनांक 04 अक्टूबर, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त आदेश के माध्यम से प्रयागराज महाकुम्भ-2024 से पूर्व प्रदेश के समस्त मण्डलों में कुम्भ के महत्व से परिचित कराने एवं जनमानस को सांस्कृतिक आध्यात्मिक पुण्य लाभ हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त मण्डलों में कुम्भ समिट का आयोजन से सम्बन्धित दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अन्तर्गत कुम्भ रोड शो, बाल-युवा कुम्भ, शक्ति कुम्भ, कला-संस्कृति कुम्भ, कवि कुम्भ, भक्ति कुम्भ के अन्तर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।

CDO/
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
कृ. उल्लिखित बिन्दुओं के सम्बन्ध में आ० का० करें।

इसके अन्तर्गत निम्नवत् कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है :-

1. मण्डल स्तरीय आयोजन में चित्रकला एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता तथा प्रदर्शनी का आयोजन - उ0प्र0राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ द्वारा।
2. मण्डल स्तरीय आयोजन में शास्त्रीय-उपशास्त्रीय गायन, वादन, नृत्य की प्रतियोगिताएं एवं प्रस्तुतियां - उ0प्र0संगीत नाटक अकादमी द्वारा।
3. प्रदेश की सांस्कृतिक-आध्यात्मिक धरोहर, अभिलेख, पेंटिंग, छायांकन/कुम्भ थिमेटिक विषयक प्रदर्शनियां, नाट्य प्रतियोगिताएं एवं प्रस्तुतियां - उ0प्र0राज्य पुरातत्व विभाग/उ0प्र0राजकीय अभिलेखागार/उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय/संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 द्वारा।
4. नाट्य प्रतियोगिताएं एवं प्रस्तुतियां - भारतेन्दु नाट्य अकादमी द्वारा।
5. लोक कला एवं जनजाति विषयक प्रतियोगिताओं व प्रस्तुतियों तथा रंग, फूल, सब्जियां आदि से रंगोली का आयोजन एवं बुकलेट का वितरण - उ0प्र0लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान द्वारा।
6. सांस्कृतिक-आध्यात्मिक धरोहर, कुम्भ की परम्परा, महत्व आदि पर आधारित ओपन क्विज़ प्रतियोगिता - पुरातत्व निदेशालय, उ0प्र0 द्वारा।
7. मण्डल स्तरीय कार्यक्रमों के दौरान संगोष्ठी एवं विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा कुम्भ थिमेटिक विशिष्ट रूप से तैयार नृत्य नाटिकाएं, गायन आदि की प्रस्तुतियां - भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा।

जिलाधिकारी
सहारनपुर
15/X/24

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
कृ. उल्लिखित बिन्दुओं के सम्बन्ध में आ० कार्यवाही

मुख्य विकास अधिकारी
सहारनपुर
18/10/24

संस्कृति अनुभाग, उ0प्र0शासन के उक्त पत्र दिनांक 04.10.2024 के साथ मण्डलों में कार्यक्रमों के आयोजन हेतु कार्यक्रम स्थल का चयन भी किया गया है जिसके अनुसार अकादमी द्वारा कोऑर्डिनेटर के रूप में आयोजनों से सम्बन्धित दायित्व सम्पादित किए जाने हैं। इन आयोजनों हेतु आपके विश्वविद्यालय से निम्नवत् व्यवस्थाएं अपेक्षित हैं :-

3997
19/10/24

1. चित्रकला एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता/संगीत प्रतियोगिता/लोक कला एवं जनजाति विषयक प्रतियोगिता/प्रदर्शनी/रंगोली/प्रदेश की सांस्कृतिक-आध्यात्मिक धरोहर, अभिलेख, पेंटिंग,

**विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ - 226010**
**फोन नं : +91 7607654401**
**ई-मेल : upsna.lko@gmail.com**

**Vipin Khand, Gomti Nagar, Lucknow - 226010**
**Phone : +91 7607654401**
**E-mail : upsna.lko@gmail.com**

छायांकन/कुम्भ थिमेटिक विषयक प्रदर्शनियां, नाट्य प्रतियोगिताएं एवं प्रस्तुतियां/नाट्य प्रतियोगिताएं एवं प्रस्तुतियां/लोक कला एवं जनजाति विषयक प्रतियोगिताओं व प्रस्तुतियों तथा रंग, फूल, सब्जियां आदि से रंगोली/सांस्कृतिक-आध्यात्मिक धरोहर, कुम्भ की परम्परा, महत्व आदि पर आधारित ओपन क्विज़ प्रतियोगिता आदि हेतु स्थान को उपलब्ध कराया जाना।

2. उक्त आयोजन हेतु सहमति पत्र प्रदान किया जाना।
3. आयोजनों के समन्वय हेतु नोडल अधिकारी को नामित किया जाना।
4. प्रस्तुतियों एवं आयोजन हेतु पूर्वाभ्यास के लिए स्थान।
5. आवास की व्यवस्था किया जाना।

अतः अनुरोध है कि उक्तानुसार अपने स्तर से कार्यवाही कराने का कष्ट करें जिससे महाकुम्भ-2025 के अन्तर्गत वर्णित आयोजनों को भव्यता के साथ सफलतापूर्वक किया जा सके।

संलग्नकः उक्त आदेश की छायाप्रति।

भवदीय,

( डॉ0शोभित कुमार नाहर )
निदेशक

**पत्रांकः544/कुम्भ-2024-25/63/(3)** **तद्दिनांक।**

उपरोक्त की प्रतिलिपि संस्कृति अनुभाग, उ0प्र0शासन के आदेश दिनांक 04.10.2024 की छायाप्रति संलग्न करते हुए निम्नलिखित को कृपया सूचना सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्रमुख सचिव, संस्कृति विभाग, उ0प्र0शासन, लखनऊ
2. मण्डलायुक्त, वाराणसी/अलीगढ़/सहारनपुर
3. ज़िलाधिकारी, वाराणसी/अलीगढ़/सहारनपुर
4. निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ
5. निदेशक, पर्यटन, उ0प्र0, पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ
6. निदेशक, धर्मार्थ कार्य विभाग, उ0प्र0, लखनऊ
7. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0, पार्क रोड, लखनऊ

08/10/24

( डॉ0शोभित कुमार नाहर )
निदेशक